**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **16-** (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के जोन-5 में उ०प्र० जल निगम द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत बाबू कुंज बिहारी लाल वार्ड, गीतापल्ली वार्ड में सीवर लाइन डालने का कार्य किस कंपनी द्वारा किया जा रहा है ? | जनपद-लखनऊ के आलमबाग क्षेत्रान्तर्गत बाबू कुंज बिहारी लाल वार्ड, गीतापल्ली वार्ड में सीवर लाइन बिछाये जाने तत्संबंधी निर्माण कार्यों हेतु ज्वाइंट वेन्चर फर्म मैसर्स अजय प्रकाश एसोसिएट्स-मै० डी०एच०बी०-मै० एस०एस०जी०-मै० आर०एल०(जे०वी०), पता-टाउन हाल, ऑपोजिट डी०आई०सी० ऑफिस, शाहजहाँपुर-242001 द्वारा सम्पादित कराये जा रहे है। |
| (ख) उक्त कार्य हेतु अनुबंध के अनुसार कार्य कब प्रारम्भ हुआ एवं उसके पूर्ण होने की अवधि क्या निश्चित की गयी है ? | जनपद-लखनऊ के आलमबाग क्षेत्रान्तर्गत बाबू कुंज बिहारी लाल वार्ड, गीतापल्ली वार्ड में सीवर लाइन बिछाये जाने तत्संबंधी निर्माण कार्यों हेतु गठित अनुबंध के अनुसार दिनांक 01-08-2019 से कार्य प्रारम्भ किया गया, परन्तु चयनित भूमि पर भूमि विवाद एवं कोविड-19 के कारण परियोजना निर्माण कार्य में 02 वर्ष का विलम्ब हुआ। उक्त परियोजना को जून, 2025 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। |
| (ग) अनुबंध के अनुरूप तय समय सीमा के अंतर्गत कितना कार्य पूर्ण किया गया तथा कितना कार्य अवशेष है और कब तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा ? | प्रश्नगत परियोजना में सीवर लाइन के 95 प्रतिशत कार्य तथा सीवेज पम्पिंग स्टेशन के 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर 40000 की आबादी को सीवरेज योजना से लाभान्वित कर दिया गया है। अवशेष कार्यो को जून, 2025 तक पूर्ण कराकर परियोजना को शत-प्रतिशत क्रियाशील कराया जाना लक्षित है। |
| (घ) क्या निर्धारित समय में कार्य पूर्ण न करने पर कंपनी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी ? | परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण न करने पर सम्बन्धित फर्म को विभाग के विभिन्न स्तर से अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु सचेत करते हुये नोटिस जारी की गयी है। |
| (ड) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**